रोहतक में स्थापित होगा पहला टेट्रापैक प्लांट

चर्चा में क्यों?

11 मई, 2022 को हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने बताया कि तरल दूध, फलों के रस और किण्वित दूध उत्पादों की पैकिंग के लिये हरियाणा राज्य का पहला टेट्रापैक संयंत्र रोहतक में स्थापित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- 125 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित होने वाले इस प्लांट से लिक्विड उत्पादों का लंबे समय तक भंडारण कर उन्हें सुरक्षित रखा जा सकेगा। रोहतक वीटा प्लांट की वर्तमान में उत्पादन क्षमता 4.5 लाख लीटर प्रतिदिन है।
- डॉ. बनवारी लाल ने रोहतक के वीटा प्लांट में 5.5 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किये जाने वाले बटर डीप फ्रीज़र की आधारशिला रखने के उपरांत कहा कि वीटा प्लांट में सफेद मक्खन के भंडारण के लिये बटर डीप फ्रीज़र लगने से एक हज़ार मीट्रिक टन मक्खन को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।
- यह प्लांट दूध, वीटा घी, वीटा मक्खन, दही, नमकीन लस्सी, छाछ, पनीर व बर्फी इत्यादि के साथ-साथ भारतीय सेना को वीटा घी व दूध की आपूर्ति तथा मिड-डे-मिड मील, आँगनबाड़ी योजना व खेल योजनाओं के अंतर्गत बच्चों व खिलाड़ियों की दूध की मांग को पूरा करने के लिये सुगंधित मीठे दूध पाउडर की आपूर्ति भी की जा रही है।
- इस प्लांट में 4 करोड़ रुपए की लागत से एक नया एसएफएसएमपी संयंत्र की स्थापना का भी लक्ष्य रखा गया है।
- इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि पिलवल, कैथल तथा महम सहकारी चीनी मिलों में चीनी के साथ-साथ गुड़ व शक्कर का उत्पादन किया जा रहा है। वहीं शाहबाद चीनी मिल में एथनॉल प्लांट शुरू किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-tetrapack-plant-to-be-set-up-in-rohtak